राष्ट्रीय लोक अदालत 12 दिसंबर को

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बिजली चोरी और अन्य विद्युत अनियमितताओं से जुड़े लंबित मामलों के निराकरण के लिए 12 दिसंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं और उपयोगकर्ताओं से समझौते के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील की है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दर्ज बिजली चोरी के लंबित प्रकरणों और विशेष न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में समझौते का अवसर मिलेगा। कंपनी के अनुसार घरेलू, कृषि, पांच किलोवाट तक के गैर घरेलू और 10 अश्व शक्ति तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्धारित शर्तों के तहत छूट दी जाएगी। मुकदमा दर्ज होने से पहले के मामलों में आकलित नागरिक दायित्व राशि पर 30 प्रतिशत छूट तथा ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

जश्ने उर्दू, साहित्य, संगीत और संस्कृति की विविध प्रस्तुतियाँ भारत भवन में 30 से

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद और संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक भारत भवन में तीन दिवसीय 'जश्ने उर्दू' का आयोजन किया जाएगा। इसमें उर्दू भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के विविध रूप प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन के संबंध में मंगलवार को मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।



अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि इस वर्ष आयोजन का केंद्रीय विचार उर्दू को भारतीय संस्कृति की परंपरा, दर्शन, संवेदनशीलता और रचनात्मकता के सशक्त माध्यम के रूप में प्रस्तुत करना है। इसका उद्देश्य उर्दू की साहित्यिक परंपरा के साथ लोक जीवन, लोक संस्कृति, भारतीय दर्शन, आध्यात्मिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं में भाषा के योगदान को व्यापक रूप से सामने लाना है। उन्होंने कहा कि जश्ने उर्दू केवल साहित्यिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की साझी विरासत और उर्दू की बहुआयामी रचनात्मक परंपरा को प्रस्तुत करने का प्रयास है।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में साहित्यिक परिचर्चाएं, मुशायरे, बैतबाजी, संगोष्ठियां, सूफी संगीत, पुस्तक मेला, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। राही मासूम रजा के साहित्यिक योगदान और महाभारत के लिए उनके लिखे संवादों के मंचन पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। कश्मीर के साहित्यकार राजेश रैना सहित देशभर के साहित्यकार, शायर और कलाकार भी शामिल होंगे। साहित्यिक सत्रों में उर्दू साहित्य और लोक जीवन, भारतीय लोक संस्कृति में उर्दू की भूमिका, समकालीन साहित्य की प्रवृत्तियों तथा भारतीय दर्शन और आध्यात्मिक चेतना में गालिब, मीर सहित अन्य शायरों के योगदान पर चर्चा होगी। शिंजिनी कुलकर्णी की सूफियाना और लोक नृत्य प्रस्तुति तथा कुतुबी ब्रदर्स की कव्वाली भी आयोजन के प्रमुख आकर्षण होंगे।

आईएसबी के युवा प्रबंधन विद्यार्थियों को 200 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबाद। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स (पीजीपी वाईएल) के दूसरे बैच (2026-28) को समर इंटर्नशिप में शानदार सफलता मिली है। 130 विद्यार्थियों वाले इस बैच को 45 कंपनियों से 200 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर मिले हैं। दो माह की इंटर्नशिप के लिए औसत स्टाइपेंड 3.44 लाख रुपये रहा, जबकि अधिकतम स्टाइपेंड 7.9 लाख रुपये रहा। भर्ती करने वाली प्रमुख कंपनियों में एक्सेंचर, ईवाई-पार्थेनॉन, डेलॉइट, बीसीजी, बेन एंड कंपनी, गूगल, अमेजन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डाबर और अदाणी समूह शामिल हैं। कंसल्टिंग और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग क्षेत्र से सर्वाधिक 117 ऑफर मिले। आईएसबी ने इसे युवा प्रतिभाओं की बढ़ती स्वीकार्यता और कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण बताया।

इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' का ट्रेलर जारी 4 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीमिंग



नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः नेटफ्लिक्स ने फिल्मकार इम्तियाज अली की नई प्रेम कहानी पर आधारित सीरीज 'ओ साथी रे' का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह सीरीज 4 दिसंबर 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। आरिफ अली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में अदिति राव हैदरी, अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहानी रोशनी, करण और प्रद्युम्न के आपस में उलझे रिश्तों, प्रेम, समर्पण और भावनात्मक संघर्षों को सामने लाती है। सीरीज में शादी, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, अधिकार और अपनी पहचान जैसे संवेदनशील पहलुओं को भी दर्शाया गया है। इम्तियाज अली ने इसका लेखन और निर्माण किया है। विंडो सीट फिल्म्स के बैनर तले बनी यह सीरीज प्रेम और रिश्तों को एक नए नजरिए से प्रस्तुत करेगी।

बड़ी बहन के उपचार से मिली प्रेरणा, छोटे भाई के कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए 6.50 लाख स्वीकृत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहडोल जिले के सिंहपुर निवासी परिवार के छोटे बेटे मोहम्मद हुसैन के कॉक्लियर इम्प्लांट उपचार के लिए मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना के अंतर्गत 6 लाख 50 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से परिवार को उपचार की सुविधा मिली है।

परिवार की बड़ी बेटी जन्मजात श्रवण बाधिता से ग्रसित थी। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र के माध्यम से उसका कॉक्लियर इम्प्लांट उपचार कराया गया। उपचार के बाद अब वह सुन और बोल पा रही है तथा सामान्य बच्चों की तरह विद्यालय जा रही है।

मूलतापी महाविद्यालय परमंडल, मुलताई जिला-बैतूल

आवश्यकता है डी.एल.एड. पाठ्यक्रम

क्र.	पद	संख्या	योग्यता	अनुभव
1	प्राचार्य	01	एम.एड./ एम.ए. (शिक्षा) एवं विज्ञान/समाज विज्ञान/कला विषयो में पी.जी. 55 प्रतिशत	अध्यापक शिक्षक संस्था में पढ़ाने का पाँच वर्ष का अनुभव
2	व्याख्याता	04	एम.एड./ एम.ए. (शिक्षा) एवं विज्ञान/समाज विज्ञान/कला विषयो में पी.जी. 55 प्रतिशत	
3	व्याख्याता	01	मास्टर डिग्री (एम.पी.एड.) 55 प्रतिशत	

नोट- 1. चयन एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली व आई.ए.एस.ई. (शास शिक्षा कालेज पी.जी.बी.टी. भोपाल) के नियमानुसार किया जायेगा। 2. उम्मीदवार 10 दिन के अन्दर महाविद्यालय के कार्यालय में बायोडाटा के साथ आवेदन करें। **पता**:- प्राचार्य मूलतापी महाविद्यालय परमंडल मुलताई बैतूल रोड तह. मुलताई जिला बैतूल - 460661, **मो.नं. 9301776022**

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, महेंद्र मिश्रा, पिता स्वर्गीय श्री राम नरेश शर्मा, निवासी E/11, पुलिस लाइन, नेहरू नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462043, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम महेंद्र मिश्रा (Mahendra Mishra) दर्ज है। अब मैं अपना नाम परिवर्तित कर महेंद्र कुमार शर्मा (Mahendra Kumar Sharma) रखना चाहता हूँ। अतः आज दिनांक से मुझे महेंद्र कुमार शर्मा के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। भविष्य में मेरे समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम महेंद्र कुमार शर्मा दर्ज किया जाए।

5008

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मीना प्रजापति W/O श्री राजन प्रजापति, निवासी-मकान नं. 8 गली नं. 2, कुम्हार पुरा चिकलोद रोड़ जहांगीराबाद भोपाल (म.प्र.), मेरे शासकीय दस्तावेज आधार क्रमांक-206149541592 में मेरा नाम गलत व अधूरा मीनू अकिंत है मेरे वोटर आईडी क्रमांक -XFD 1272061 में मेरा पूरा व सही नाम- मीना प्रजापति W/O श्री राजन प्रजापति अकिंत है जो सत्य व सही है। अब से विज्ञापन उपरान्त मेरे सभी शासकीय रिकार्ड में सुधार कर सही नाम- मीना प्रजापति (MEENA PRAJAPATI) W/O राजन प्रजापति (RATAN PRAJAPATI) के नाम से ही जाना पहचाना लिखा व पढ़ा जाये।

मीना प्रजापति W/O राजन प्रजापति

5009

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा द्वारा श्रीमती रेखा सैनी पुत्री श्री रामरतन सैनी निवासी 29 नव बहार कॉलोनी, आस्था होटल के पास, वर्तमान पताः—जबलपुर म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व का एक मकान क्रमांक बी—11 है स्थित प्रिंस विहार कालोनी रासलाखेड़ी ग्राम नेपानिया, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित है का विक्रय अनुबंध पत्र मेरी पक्षकार के पक्ष मे निष्पादित किया है उपरोक्त आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मकान के क्रय विक्रय के संबंध में संव्यवहार से किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक सोसायटी व शासकीय निगम संस्थान को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित रूप में दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार उपरोक्त मकान का विक्रय पत्र अपने हक में निष्पादित करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगें व समयावधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

बृजेश पचौरी एडवोकेट
कार्या.-96, मैन मार्केट, जहांगीराबाद, भोपाल
मो.9826609869,9893117948

5010

-:आम-सूचना:-

मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी—2, भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री राजू भारती आत्मज श्री सुरेश भारती द्वारा एक किता आवासीय मकान नं. HIG 11/262, जिसका क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर है, जो हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर, करौंद, बेरसिया रोड़, तहसील—हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है एवं जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूरब में—6 मी. चौडा रोड़, पश्चिम में—म.क्र. M—64, उत्तर में—म.क्र. M—63, एवं दक्षिण में—म.क्र. M—61, को सान्यिक बंधक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति वर्तमान में श्री अनिल कुमार पाठक आत्मज स्व. श्री अवधनारायण पाठक एवं श्रीमती ममता पाठक पत्नी श्री अनिल कुमार पाठक के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल विक्रय पत्र दिनांक 20/09/2001, जो उप-पंजीयक कार्यालय भोपाल में ग्रं.क्र. —17289, एवं द. क्र.—1437 पर विधिवत पंजीबद्ध है, एवं मूल विक्रय पत्र एवं लीज एग्रीमेंट दिनांक 02/04/1998, जो उप-पंजीयक कार्यालय भोपाल में ग्रं.क्र.—13480, एवं द.क्र. 1ख एवं 2ख पर विधिवत पंजीबद्ध है, उक्त तीनों मूल दस्तावेज कहीं गुम हो जाने के कारण उनके पास उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में उनके द्वारा पुलिस थाना अयोध्या नगर, जिला भोपाल में दस्तावेज खोने की सूचना दिनांक 25.11.2026 को खोया संपत्ति का पंजीकरण में दर्ज कराई गई है, उक्त खो गये मूल दस्तावेजों का कोई दुरूपयोग न हो, इसलिये इस सूचना का प्रकाशन भी किया जा रहा है। मेरे पक्षकार बैंक में उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर साम्यिक बंधक किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक शासकीय अशासकीय निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई भार या ऋण हो या किसी अन्य व्यक्ति के हित निहित हो या कोई विवाद या ऋण हो या उक्त मूल विक्रय—पत्र, लीज एग्रीमेंट किसी भी व्यक्ति को मिले या किसी के पास हो तो मेरे पक्षकार बैंक में प्रस्तुत करें एवं इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेजी साक्ष्य के साथ मेरे कार्यालय (कार्यालयीन समय सांय 6 बजे से रात्रि 8 बजे) में आपत्ति दर्ज कराये, अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज की सत्य प्रतिलिपि एवं शेष अन्य मूल दस्तावेजों के आधार पर बंधक कर ऋण प्रदान कर सकेगा। निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति, मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी

धर्मेन्द्र सिंह अधिवक्ता
Off.1-26, VARDHMAN GREEN PARK COLONY ASHOKA GARDEN, BHOPAL, M.P.
मो. 9827452301

5011

न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर भोपाल

(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)
प्रकरण क्र. 2154/अ-6/2025-26

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्री जवहारलाल राज आ. श्री देवीसिंह राज निवासी खजूरी कला अवधपुरी भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल द्वारा ग्राम खजूरी कला तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 102/2/1, 124/2, 101/2 एवं अन्य का अंश भाग-रकबा 77 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 07 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/11/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल एम.पी. नगर वृत्त भोपाल

5012

न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

प्रकरण क्रमांक 3753/अ-6/26-27

इश्तहार

आवेदक श्री सुनील पचौरी पत्नी स्व. श्री राज कुमार पचौरी निवासी 83 ए भेल नगर अयोध्या बायपास रोड भोपाल के द्वारा ग्राम हताईखेड़ा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 19/2/1/1 का अंशभाग रकबा 750 वर्ग फीट का पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने के 07 दिवस तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल

5013

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति सेमरी हरचन्द जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)

E-MAIL ID-mpapmcsemriharchand@gmail.com, NIC DI awmsemhos-mp@nic.in

क्रमांक/मंडी/स्टोर/26-27/801 **सेमरी हरचन्द दिनांक 25/11/2026**

केन्टीन किराया निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डी प्रांगण में कृषि उपज विक्रय के लिये आने वाले कृषकों को राशि रूपये 5/- प्रति थाली भोजन उपलब्ध कराये जाने एवं चाय, नाश्ता हेतु इच्छुक व्यक्तियों / संस्थाओं से केन्टीन मासिक किराया दर की निविदा दिनांक 10.12.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन मण्डी कार्यालय में बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 10.12.2026 को 3.00 बजे पश्चात उपस्थित निविदाकारों के समक्ष कार्यालय में सचिव/भारसाधक अधिकारी महोदय द्वारा खोली जावेगी। इस हेतु निर्धारित शर्तों का अवलोकन मण्डी कार्यालय में अवकाश के दिनों को छोड़कर किया जा सकता हैं।

सही
(हेमवती कवरेती/ ठाकुर)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति सेमरी हरचंद

सही
(डॉ. बबीता राठौर)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति सेमरी हरचंद

सूडोकु नवताल- 7971

मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7970 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

काकुरो पहेली - 7644



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7643 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9052



बाएँ से दाएँ

1. सावधान, सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन, प्रतिज्ञा-2
6. हत्या, मर्डर-2
8. तब तक, अवधि में-4
10. चरित्र, लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा, आजादी-3
17. तट, किनारा-3
19. ईश्वर, भगवान -4
21. अधीन, काबू-2
23. नवीन, नवजात-2
24. लेखनी, पेन-3
25. लाईन, रेखा -3

ऊपर से नीचे

1. हमेशा, सदैव-2
2. विष, जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया, नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती, उछलकूद-3
8. स्वभाव, आदत-4
9. नुकसान, घाटा-2
12. कपोल, गाल-4
15. शान्ति, सन्नाटा-3
16. ताकत, दम, बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा, वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम, संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -9051 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7483



ऊपर से नीचेः-

१. शॉवरअली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
२. 'भागे रे मन' गीत वाली फिल्म-३
३. सनी, सलमान, करीश्मा, तब्बू की फिल्म-२
४. अमिताभ, दीपक, डिम्पल, करिश्मा की 'कभी खुशियों की' गीत वाली फिल्म-४
५. 'तेरे नाम' में सलमान की नायिका थी-३
७. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
९. 'जिंदगी इम्तिहान' गीत वाली अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
१०. नागार्जुन, अमला की एक फिल्म-२
११. सुनील शेट्टी, रवीना, करिश्मा, की फिल्म-३
१३. संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की 'बेनाम सा ये दर्द' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तुम ने दी आवाज' गीत वाली फिल्म-३
१५. सनी, अजय जडेजा, सेलिना की 'तुमको कितना है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'इस टूटे दिल' गीत वाली फिल्म-२
१७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला टैगोर की एक फिल्म-३
१८. 'अकेले ही अकेले चला' गीत वाली दिलीपकुमार, सायरा बानो की फिल्म-२
१९. आयूब खान, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. 'ऐ मेरी जिंदगी' गीत वाली जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
२२. राजकुमार, मीना की 'ठाड़े रहियो ओ बांके यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
२६. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
२७. 'कैसे कटे दिन' गीत वाली राजेश खन्ना, गोविंदा, जूही, माधवी की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अक्षय खन्ना, करीना की प्रियदर्शन निर्देशित एक कॉमेडी फिल्म-४
३. 'झिलमिल सितारों का आँगन' गीत वाली धर्मेन्द्र, राखी की फिल्म-३,२
५. अजय, नाना, फरदीन, उर्मिला, रेखा की 'ये सर्द आहें' गीत वाली फिल्म-२
६. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला' गीत वाली फिल्म-४
१०. 'पर्दे में रहने दो' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा पारेख की फिल्म-३
१२. 'सीता और गीता' में संजीव के साथ वाली हेमामालिनी के पात्र का नाम-२
१३. 'शिकदुम शिकदुम' गीत वाली अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, रिमी सेन की फिल्म-२
१६. विकास भल्ला, काजोल की 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'आने वाला पल जाने' गीत वाली अमोल पालेकर, बिंदिया की फिल्म-४
२०. जैकी, मोहसिन खान, नीलम की 'एक तू ही मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'तेरा काम है जलना' गीत वाली राज कपूर और नर्गिस की फिल्म-२
२३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२४. सुदर्शन नाग निर्देशित सनी देओल, नीलम की १९९१ की एक फिल्म-३
२८. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'हम भूलेंगे' गीत वाली अमिताभ, अरशद, करिश्मा की फिल्म-४

फिल्म वर्ग पहेली- 7482

पि	या	का	घ	र		ए	ल	ओ	सी
ता	रा		र		घा	त		म	
	ना	च		चाँ		रा	खी		फ
रे		मे	हं	दी		ज		खा	की
श	मीं	ली		सो	च		श		रा
नी			ब	ना	र	सी	बा	बू	
	ग	द	र		स		ना	म	
बा	ज		सा	थी		मि			अं
जा	ल		त		दि	ल	का	रा	जा
र		माँ		मि	ल	न			म

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7577

7		1	6		5	4
2	34		30	4	28	
	5		3		7	1
3	30		32	6	39	
1		2		5		
	28		33	7	38	3
4		3	6		2	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7576 का हल

1	6	5	4	3	7	2
5	32	7	32	1	30	3
3	1	4	6	2	5	7
2	22	3	37	7	39	6
4	3	2	7	6	1	5
6	34	1	34	5	28	4
7	5	6	3	4	2	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8597

म	श	मु	श	सी	बै	ड	मिं	ट	न	र	
रा	क्रि	ल	प्र	क्ल	ला	व	ना	ज	कां	क्स	
य	के	र्जु	हे	नि	कु	ना	न	व	टि	रू	
इं	ट	फु	न	शा	वा	श्ती	क	ले	ज	प	
प	दा	ह	ट	ने	तो	हो	थ	गो	र	त	
टे	स	क	प	बा	स	ए	व	ज	वॉ	व	
द	बि	न	न	जी	ल	ह	रं	गो	ली	द	
क	र	ल	प	क्श	प	त	र	चो	बॉ	ख	
र	व	त	टे	रा	श	त	य	अ	ल	अ	
क	र	ल	प	नि	ज	ता	रे	आ	ह	द	
क	ह	रि	कि	श	स	चि	हॉ	की	त	म	

शब्दजाल में प्रमुख 10 'खेलों' के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, निशानेबाजी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, टेबिल टेनिस, शतरंज, कुश्ती

शब्दजाल - 8596 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore